## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पेन में आईएफईएमए रीबिल्ड प्रदर्शनी में निर्माण और शहरी विकास की नई तकनीकों का किया अवलोकन, वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञों से की रणनीतिक चर्चाएं।
2. सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर में किया महेशमारा रेलवे हॉल्ट का शिलान्यास, कहा– प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी हमेशा पूरी होती है।
3. गिरिडीह जिले के पांच प्रवासी मजदूरों का पश्चिमी अफ्रीका में अपहरण, समाजसेवियों और परिवारजनों ने सरकार से रिहाई की लगाई गुहार।
4. मौसम विभाग ने आज और कल तेज हवा, बारिश और वज्रपात का किया अलर्ट जारी, तापमान में 5 से 7 डिग्री तक गिरावट की जताई संभावना।
5. आईपीएल टी20 क्रिकेट में कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने स्पेन दौरे के क्रम में मैड्रिड में आयोजित आईएफईएमए रीबिल्ड प्रदर्शनी में निर्माण और शहरी विकास क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदर्शनी में आए विभिन्न कंपनियों के प्रमुख स्टॉलों का दौरा किया, जो मॉड्यूलर निर्माण, सतत निर्माण सामग्री और स्मार्ट सिटी तकनीकों में विशेषज्ञता रखते हैं। मौके पर उन्होंने वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञों के साथ रणनीतिक चर्चाएं भी कीं।

********************

पूर्वी रेलवे के आसनसोल मंडल के तहत देवघर और मोहनपुर स्टेशनों के बीच प्रस्तावित महेशमारा हॉल्ट स्टेशन की आधारशिला रखी गई। कल आयोजित हुए इस समारोह में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सांसद निशिकांत दुबे और आसनसोल के मंडल रेल प्रबंधक चेतना नंद सिंह की उपस्थिति में आधारशिला पट्ट का अनावरण किया गया। लगभग 1 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से बने इस स्टेशन से दुमका और गोड्डा की ओर जाने वाली सभी ट्रेनों का ठहराव होगा। जिससे आसपास के क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। मौके पर सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी हमेशा पूरी होती है।

********************

गिरिडीह जिले के पांच प्रवासी मजदूरों का पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में अपहरण कर लिया गया है। समाजसेवी सिकंदर अली ने बताया कि सभी मजदूर कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे थे और शुक्रवार दोपहर अगवा किए गए। परिजनों और समाजसेवियों ने भारत सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर मजदूरों की सुरक्षित रिहाई की अपील की है।

********************

रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने संविधान बचाओ रैली और संगठन सृजन अभियान के तहत सभी प्रखंडों में बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है। जिलाध्यक्ष डॉक्टर राकेश किरण महतो ने 3 मई को धुर्वा स्थित पुराने विधानसभा मैदान में आयोजित रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए 10 हजार लोगों को जुटाने का लक्ष्य तय किया है।

********************

जमशेदपुर के घाघीडीह सेंट्रल जेल के पास 22 अप्रैल को हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और पुलिस अब घटना की साजिश की जांच कर रही है।

********************

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी जेएसएलपीएस ने डीडीयू– जीकेवाई के तहत चयनित अभ्यर्थियों के लिए बेंगलुरु में एलुमनी मिलन समारोह आयोजित किया। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने युवाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड के युवा देश–दुनिया में अपनी अलग पहचान

बना रहे। कार्यक्रम में स्किल आइकन सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट अभ्यर्थियों और परियोजना क्रियान्वयन एजेंसियों को सम्मानित किया गया।

*******************

गुमला जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों को उप विकास आयुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप निष्पादित करने का निर्देश दिया है।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- धनबाद जिले में चिकन पॉक्स के मामले बढ़ने लगे हैं और अब तक 10 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्र भानु प्रतापन ने बताया कि मरीजों को दवा दी गई है और उनकी निगरानी की जा रही है।
- गुमला जिला पुलिस अधीक्षक शम्भु कुमार सिंह ने कल विभिन्न थानों का निरीक्षण करते हुए पंजी और अभिलेखों के रख–रखाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।
- लोहरदगा जिले में भीषण गर्मी से परेशान बेजुबान पशु–पक्षियों के लिए कल बीएस कॉलेज के पास मिट्टी के सिकोरे और चावल के दाने वितरित किए गए। मौके पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद और डॉक्टर शैलेश कुमार ने कहा कि छोटे–छोटे प्रयासों से पशु–पक्षियों की जान बचाई जा सकती है, जो मानवता का कर्तव्य भी है।

*******************

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार आज और कल राज्य के विभिन्न हिस्सों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना है। इस कारण अगले तीन दिनों तक झारखंड के तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। वहीं, कई जगहों पर वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है, जिसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले दिनों में निकटवर्ती मध्य, दक्षिणी और उत्तर पश्चिमी भाग में भारी वर्षा हो सकती है जिसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में कल रात खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सामने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 163 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 9 गेंद शेष रहते 4 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाकर मैच जीत लिया।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री के मन की बात और हेमंत सोरेन के विदेश दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है– भारतीयों का खून खौल रहा, पीड़ितों को मिलेगा न्याय।

दैनिक जागरण ने लिखा है – तीन दिनों में करा लें आधार सीडिंग, नही ंतो रूकेगी मंईयां सम्मान राशि।

हेमंत सोरेन ने संवाद के जरिये निवेश पर दिया जोर, शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान ने इसे अपनी सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– सिकिदिरी में सोलर प्लांट से उत्पान शुरू पचास मेगा वाट तक बढ़ेगी क्षमता।

*****************